महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः—2929/कु0का0/2024 दिनांकः 19/02/2024

अतिआवश्यक

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय आजमगढ़,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषयः— भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित विभिन्न आपदाओं से बचाव हेतु जन—जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक पूर्व में प्रेषित विश्वविद्यालय के पत्रांक 2171/कु0का0/2023 दिनांक 19/09/2023, पत्रांक 2244/कु0का0/2023 दिनांक 03/10/2023 व पत्रांक 2748/कु0का0/2024 दिनांक 05/01/2024 तद्क्रम में जिलाधिकारी, आजमगढ़ के पत्र संख्या 378/आपदा—2023—24 दिनांक 14 सितम्बर, 2023, 466/आपदा—राहत/2023—24/शीतलहर दिनांक 04 जनवरी, 2023 व 484/आपदा—राहत/2023—24/शीतलहर दिनांक 23 जनवरी, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी. उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 25.07.2023 को आपदा सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा के दौरान विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए समस्त महाविद्यालय में जन—जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के प्रदत्त निर्देश प्राप्त हैं।

प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राकृतिक और मानव निर्मित खतरों पर बुनियादी समझ प्रदान करना, आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डी.आर.आर.) पर जागरूक करना, बुनियादी जीवनरक्षक कौशल पर प्रशिक्षण देना, बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा कौशल पर प्रशिक्षण देना है।

उक्त के क्रम में जनपद आजमगढ़ के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों से 01 शिक्षक का प्रशिक्षण कार्यक्रम हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में दिनांक 21 फरवरी, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से सुनिश्चित किया गया है।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों से 01 शिक्षक को उक्त समय व तिथि पर प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

भवदीय

18.02.24

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ :—

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. नोडल अधिकारी, आपदा प्रबंधन, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner